संख्या- 24 /2018/570/24-1-18-81पी/2015

प्रेषक:

इन्द्रराज सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कार्यवाहक निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 07 मार्च, 2018**

विषय:-विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुरक्षण मद में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017 बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के आय-व्ययक में लोक निर्माण कार्य- विद्युत सुरक्षा निदेशालय (अनुरक्षण) -कार्यालय भवन-रखरखाव तथा मरम्मत हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 15,00,000/- (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) को स्वीकृत कर व्यय करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

2- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष ''2059- लोक निर्माण कार्य -01- कार्यालय भवन- 053- रखरखाव तथा मरम्मत-03 विद्युत सुरक्षा निदेशालय- 29- अनुरक्षण'' के नामे डाला जायेगा। अनुरक्षण मद में उपलब्ध धनराशि का उपयोग नियमानुसार सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त किया जायेगा।

भवदीय,

इन्द्रराज सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या- 24 /2018/570(1)/24-1-18, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

डा0 संजीव भारद्वाज
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in